**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1066**
**बुधवार, 28 जुलाई, 2021/06 श्रावण, 1943 (शक)**

## रोजगार कार्यालय का उन्नयन

**1066. डा. सी.एम. रमेशः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश भर में रोजगार कार्यालयों का वैज्ञानिक आधार पर उन्नयन करने का विचार है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान देश भर में अब तक उन्नयन किए गए रोजगार कार्यालयों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क एवं ख): मंत्रालय रोजगार तलाश एवं मिलान, रोजगार मेले, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों आदि पर सूचना सहित रोजगार संबंधी विविध सेवाएं प्रदान करने के लिए 2015 से राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है। ये सेवाएं राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (**www.ncs.gov.in**) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। एनसीएस परियोजना के तहत, सरकार रोजगार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए रोजगार कार्यालयों के आदर्श करियर केंद्रों में उन्नयन सहित आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना करने हेतु 50 लाख रु. तक की वित्तीय सहायता भी प्रदान कर रही है। फिलहाल, सरकार ने गैर-वित्त पोषण आधार पर 7 एमसीसी सहित 207 आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) को अनुमोदन प्रदान किया है। इन एमसीसी में अन्यथा सक्षम व्यक्तियों हेतु राष्ट्रीय करियर सेवा केंद्रों (एनसीएससी-डीए) तथा निजी संस्थानों/उद्योग भागीदारों के केन्द्रों के अतिरिक्त राज्य सरकारों के तहत 168 रोजगार कार्यालय तथा 7 विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन ब्यूरो (यूईआईजीबी) शामिल हैं। एमसीसी रोजगार मेले आयोजित करते हैं, नियोक्ताओं को संगठित करते हैं, करियर परामर्श प्रदान करते हैं तथा करियर संबधी आऊटरीच कार्यकलापों आदि को आयोजित करते हैं। सरकार राज्य सरकारों को रोजगार मेले आयोजित करने, सूचना प्रौद्योगिकी के उन्नयन एवं मौजूदा रोजगार कार्यालयों के नवीकरण हेतु एनसीएस परियोजना के इंटरलिंकिंग घटक के तहत अनुदान-सहायता भी प्रदान कर रही है। उन्नित रोजगार कार्यालयों का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

**<u>अनुबंध</u>**

**राज्य सभा के दिनांक 28.07.2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1066 के भाग (क एवं ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**एनसीएस परियोजना के तहत देश भर में रोजगार कार्यालयों के एमसीसी में उन्नयन हेतु सहायता किए गए रोजगार कार्यालयों का राज्य-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | एमसीसी के रूप में उन्नित रोजगार कार्यालय |
|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 1 |
| 2 | असम | 6 |
| 3 | अंडमान और निकोबार | 1 |
| 4 | आंध्र प्रदेश | 8 |
| 5 | बिहार | 11 |
| 6 | छत्तीसगढ | 7 |
| 7 | दिल्ली | 1 |
| 8 | गोवा | 1 |
| 9 | गुजरात | 9 |
| 10 | हरियाणा | 2 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 2 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 7 |
| 13 | लद्दाख | 2 |
| 14 | झारखंड | 5 |
| 15 | कर्नाटक | 9 |
| 16 | केरल | 4 |
| 17 | लक्षद्वीप | 1 |
| 18 | महाराष्ट्र | 3 |
| 19 | मेघालय | 2 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 8 |
| 21 | मिजोरम | 2 |
| 22 | नागालैंड | 2 |
| 23 | उड़ीसा | 7 |
| 24 | पुड्डुचेरी | 2 |
| 25 | पंजाब | 4 |
| 26 | राजस्थान | 16 |
| 27 | तेलंगाना | 7 |
| 28 | त्रिपुरा | 3 |
| 29 | तमिलनाडु | 8 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 20 |
| 31 | उत्तराखंड | 4 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 10 |
| **योग** | | **175 *** |

टिप्पणी: *इस आंकड़े में 7 यूईआईजीबी शामिल हैं